# सुरक्षित माहौल मिला तो अब हर उद्यमी करना चाहता है गीडा में निवेश : सीएम

## बोले- गीडा में बीते आठ साल में 15 हजार करोड़ से अधिक का हुआ निवेश, 50 हजार को मिला रोजगार

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार शाम सहजनवां में केयान डिस्टिलरी प्लांट का उद्घाटन करने के बाद कहा कि सुरक्षित माहौल मिला तो आज देश-प्रदेश का हर उद्यमी गीडा में निवेश करना चाहता है।

उन्होंने कहा कि लोग लखनऊ में आकर मिलते हैं और गीडा में फैक्टरी लगाने की बात कहते हैं। उत्तर प्रदेश में 177 करोड़ लीटर एथनॉल बन रहा है, जो पेट्रोल-डीजल के साथ मिलाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वही गीडा है, जहां विवाद, असुरक्षा और असुविधाओं के कारण कोई आने को तैयार नहीं था। बीते आठ साल में यहां 15 हजार करोड़ का निवेश हुआ है। 50 हजार युवाओं को रोजगार मिला है। गीडा की तरफ से नाइलिट की शाखा भी संचालित की जा रही है। वहां से युवक हुनर सीख आसपास ही रोजगार से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि निवेशकों को सबसे पहले विश्वास पर खरा उतरना होगा। उद्योग के साथ ही पर्यावरण बचाने के लिए तकनीक का भरपूर उपयोग करना होगा। सोलर और ग्रीन एनर्जी पर जोर दिया जाए। >> एथेनॉल से उड़ेगा हवाई जहाज: पेज 4

### रामलला के विग्रह को पालने पर झुलाया

गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार दोपहर में रामनवमी पर विधि-विधान से भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर मंदिर परिसर प्रभु राम के भजनों से गुंजायमान रहा। अनुष्ठान पूर्ण करने के साथ सीएम योगी ने बाल स्वरूप भगवान को पालने में झुलाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम से लोकमंगल की कामना की। >> पेज 4